भारत सरकार
पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या: 3209
दिनांक 21 दिसम्बर, 2023

सीएसआर के अन्तर्गत एनजीओ को धनराशि का आवंटन

†3209. श्री नव कुमार सरनीया:

क्या **पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) कॉरपोरेट सामाजिक दायित्व (सीएसआर) के अंतर्गत सार्वजनिक क्षेत्र के विभिन्न तेल उपक्रमों द्वारा देश के गैर-सरकारी संगठनों(एनजीओ) को राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार कितनी धनराशि आबंटित की गई है;

(ख) विगत तीन वर्षों और चालू वर्ष के दौरान सार्वजनिक क्षेत्र के तेल उपक्रमों द्वारा सीएसआर के अंतर्गत जनजातीय गौरव दिवस के अवसर पर गैर-सरकारी संगठनों को कितनी धनराशि आवंटित की गई है और उक्त संगठनों के नाम और संख्या क्या है;

(ग) उक्त अवधि के दौरान सीएसआर निधि के अंतर्गत पूर्वोत्तर राज्यों के विभिन्न उत्सवों के लिए सार्वजनिक क्षेत्र के तेल उपक्रमों द्वारा गैर-सरकारी संगठनों को गैर-सरकारी संगठन-वार कितनी धनराशि आवंटित की गई; और

(घ) क्या सरकार को सार्वजनिक क्षेत्र के तेल उपक्रमों द्वारा सीएसआर के अंतर्गत असम के चाय बागान कामगारों की बेहतरी के लिए कोई प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर
पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय में राज्य मंत्री
(श्री रामेश्वर तेली)

(क) कम्पनी अधिनियम, 2013 की अनुसूची VII के तहत अभिज्ञात शीर्षों के अंतर्गत सार्वजनिक क्षेत्र के तेल और गैस उपक्रमों (पीएसयूज) द्वारा स्वास्थ्य (पोषण, स्वच्छता एवं पेयजल), शिक्षा, कौशल विकास, ग्रामीण विकास, महिला सशक्तिकरण, पर्यावरण उन्मुखी पहलों एवं वयोवृद्धों और दिव्यांगों की देखभाल पर विशेष बल देते हुए सीएसआर कार्यकलाप किए जाते हैं। सार्वजनिक क्षेत्र की तेल और गैस पीएसयूज द्वारा स्वयं अथवा केन्द्र/राज्य सरकारों के एजेन्सियों/विभागों के माध्यम से सीएसआर कार्यकलाप किये जाते हैं। कुछ मामलों में, तेल और गैस पीएसयूज सीएसआर कार्यकलापों का क्रियान्वयन करने के लिए गैर सरकारी संगठनों (एनजीओज)/अन्य एजेंसियों को भी लगाते हैं। पिछले तीन वर्षों और वर्तमान वर्ष (नवम्बर, 2023 तक) के दौरान सीएसआर के अन्तर्गत तेल एवं गैस पीएसयूज ने एनजीओज को लगभग 2861 करोड़ रुपए की धनराशि प्रदान की है।

पिछले दो वर्षों के दौरान किए गए सीएसआर कार्यकलापों और उन पर व्यय की गई धनराशि की कार्यकलाप/राज्य/क्रियान्वयन एजेन्सी-वार ब्यौरे तेल और गैस पीएसयूज की सम्बन्धित वेबसाइटों अर्थात् www.ongcindia.com, www.iocl.com, www.bharatpetroleum.com, www.hindustanpetroleum.com, gailonline.com, engineersindia.com, www.nrl.co.in, www.mrpl.co.in, www.cpcl.co.in, www.balmerlawrie.com, oil-india.com और bcplonline.co.in पर उपलब्ध हैं। इसमें एनजीओज को दिए गए सीएसआर धनराशि के आँकड़े शामिल हैं।

(ख) और (ग) तेल और गैस पीएसयूज के बीच, वर्ष 2023 में ओएनजीसी ने सीएसआर के अन्तर्गत जनजातीय गौरव दिवस के अवसर पर तीन एनजीओज नामतः सानिध्य फाउण्डेशन, वढ़ोदरा, उत्थान सेवा समिति, दिल्ली और विश्व मानव कल्याण चैरिटेबल ट्र ट, गुजरात को 9.63 लाख रुपए का आवंटन किया है। तेल और गैस पीएसयूज द्वारा सीएसआर के अन्तर्गत पूर्वो र राज्यों में किसी त्योहार और संबद्ध आयोजन के लिए एनजीओज को सीधे कोई निधि आवंटित नहीं की गई है।

(घ) तेल और गैस क्षेत्र की पीएसयूज के बीच, ऑयल एंड नेचुरल गैस कॉर्पोरेशन (ओएनजीसी) और ब्रह्मपुत्र क्रैकर एंड पॉलीमर लिमिटेड (बीसीपीएल) ने बताया है कि उन्होंने सीएसआर के अन्तर्गत असम के चाय बागान श्रमिकों की बेहतरी के लिए निम्नलिखित परियोजनाएँ शुरू की हैं-

तेल कम्पनी	**वर्ष**	**शुरू की गई परियोजना का नाम**	**धनराशि (लाख में)**
ओएनजीसी	2023-24	राजाबाड़ी टी स्टेट के आम जनों के लिए पंजीकरण और बीमा सहित जेडएक्स बीएस6 महिन्द्रा सुप्रो एम्बुलेंस की खरीद के लिए वित्तीय सहायता	9.65
बीसीपीएल	2020-21	आवधिक स्वास्थ्य शिविर – चाय बागान क्षेत्र में 5 स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया गया	4.77
बीसीपीएल	2020-21	निःक्षय मित्र योजना के अन्तर्गत क्षयरोगियों को पोषक खाद्य पदार्थ की टोकरी का वितरण	18.00
बीसीपीएल	2020-21	लेपेटकाटा टीई लेबर लाइन के निकट जल निकासी प्रणाली का उन्नयन	10.00
बीसीपीएल	2020-21 एवं 2022-23	असम के बेरोजगार युवकों के लिए लघु अवधि का रोजगारपरक प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू करने का प्रस्ताव	134.00
बीसीपीएल	2022-23	पर्यटन और आतिथ्य के निमित्त कौशल विकास प्रशिक्षण	50.00
बीसीपीएल	2023-24	असम और अन्य राज्यों में सुनिश्चित प्लेसमेंट के साथ 50 प्रशिक्षु के लिए लघु अवधि का रोजगारपरक प्रशिक्षण कार्यक्रम (सिलाई मशीन ऑपरेटर में स टफिकेट कार्यक्रम) प्रदान किया गया	24.70
		कुल	**251.12**

****